दिन–शुक्रवार दिनांक– 20/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजद और कांग्रेस को विकास विरोधी कहा है। श्री मोदी ने आज सीवान के जसौली में आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये पार्टियां माफिया राज, गुंडा राज और भ्रष्टाचार की पोषक रही हैं। उन्होंने कहा कि पंजे और लालटेन ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई है। इन लोगों ने ऐसी लूट मचाई कि गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लायी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार की बदहाली के दिन अब गुजरे दिनों की बात हो गयी है। श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से बिहार में डबल ईंजन की सरकार से विकास की गति तेज हुई है और लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

————————————————————

जनसभा को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिये पांच हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने शहरी विकास, जल उपचार, प्रधानमंत्री आवास योजना और रेलवे से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने शहरी विकास हेतु अमृत योजना के तहत दो हजार एक सौ तिरासी करोड़ रूपये की लागत से जलापूर्ति और सीवरेज परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने गंगा नदी के संरक्षण और पुनरूद्धार के लिए नमामि गंगे योजना के तहत एक हजार आठ सौ पच्चीस करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और आठ सौ करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रति घंटे पांच सौ मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली की आधारशिला रखी। यह प्रणाली मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया और सीवान सहित राज्य के पन्द्रह ग्रिड सब स्टेशन में स्थापित की जाएगी। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के तिरेपन हजार छह सौ से अधिक लाभार्थियों को योजना की

पहली किस्त की राशि जारी की। उन्होंने इस योजना के तहत पूरे हो चुके छह हजार छह सौ से अधिक मकानों के गृह प्रवेश आयोजन के तहत कुछ लाभार्थियों को आवास की चाभी भी सौंपी। श्री मोदी ने बुनियादी ढांचा विकास के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली नई वैशाली – देवरिया रेल लाईन परियोजना का उद्घाटन किया। इसपर चार सौ करोड़ रूपये से अधिक लागत आई है। उन्होंने उत्तरी बिहार से उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल तक बेहतर रेल संपर्क के लिए मुजफ्फरपुर और बेतिया होते हुए पाटलिपुत्र और गोरखपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को भी रवाना किया। इस नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी से पश्चिमी बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों की एक पुरानी मांग पूरी हुई है। प्रधानमंत्री ने सारण जिले के मढ़ौरा के रेल ईंजन कारखाने में निर्मित उच्च क्षमता वाले लोकोमोटिव इंजन की पहली खेप को पश्चिमी अफ्रीकी राष्ट्र गिनी के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

——————————————————

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कल मुख्य समारोह विशाखापत्तनम में आयोजित होगा, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में भी योग शिविरों और योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। राज्य के प्रमुख पर्यटन और सांस्कृतिक स्थलों पर संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में योग सत्र आयोजित किये जायेंगे। वहीं, प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में योगाभ्यास सत्र– योग संगम का आयोजन होगा। योग स्वस्थ जीवन के लिए वरदान है, इसे हमें अपनी जीवन शैली में आवश्यक रूप से शामिल करना चाहिए। इधर, पटना उच्च न्यायालय में आज विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया है।

——————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।